राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–146/2024

राज्यपाल ने पेरिस ओलंपिक, 2024 में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने पर सुश्री मनु भाकर और श्री सरबजोत सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 30 जुलाई, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पेरिस ओलंपिक, 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड टीम इवेंट में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने पर सुश्री मनु भाकर और श्री सरबजोत सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। राज्यपाल ने कहा है कि देश को उनकी इस उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

राज्यपाल ने कहा है कि सुश्री मनु भाकर ने एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रच दिया है।

....